पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशित: 01.09.2017 इस अंक का मल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868002130

**ठाकुर विक्रम सिंह ट्रस्ट द्वारा**
**आर्यन अभिनन्दन समारोह**
रविवार, 17 सितम्बर 2017
प्रात: 10 बजे
स्थान: आर्य समाज
डिफेन्स कालोनी, नई दिल्ली
आप सादर आमन्त्रित हैं

वर्ष-34 अंक-07 भाद्रपद-2074 दयानन्दाब्द 193 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2017 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 01.09.2017, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का युवा पीढ़ी को ईश्वर भक्त, मातृ पितृ व देश भक्त बनाने का अभियान

## 12 दिन में 70 ''युवा संस्कार कार्यक्रम'' शानदार सफलता से सम्पन्न: मिशन-25 में हजारों किशारों व युवक, युवतियों ने यज्ञोपवीत धारण किए और तम्बाकु-नशे से दूर रहने का लिया संकल्प





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में दिनांक 10 अगस्त से 21 अगस्त 2017 तक युवा संस्कार समारोह के कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये, जिसमें पाखण्ड अन्धविश्वास के विरूद्वजनजागरण और तम्बाकु, नशे से दूर रहने के संकल्प दिलवाये गये। उपरोक्त चित्र–सोमवार, 28 अगस्त 2017, आर्य समाज, माडल बस्ती, दिल्ली में युवा संस्कार समारोह आयोजित किया गया। प्रधान श्री अमरनाथ गोगिया को सम्मानित करते परिषद अध्यक्ष डा.अनिल आर्य, श्री सुशील बाली (प्रधान, देव नगर), मंत्री श्री आदर्श आहूजा, आचार्य महेन्द्र भाई, आचार्य जयप्रकाश शास्त्री व संयोजक श्री प्रदीप गोगिया। द्वितीय चित्र में छात्र–छात्रायें यज्ञ करते हुए। श्रीमती सुनीता बुग्गा, श्री गोपाल जैन, प्रबन्धक श्री रविदत आर्य ने शुभकामनाये व प्रधानाचार्य श्रीमती आरती गोगिया ने आभार व्यक्त किया।

# गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह में 250 बच्चों ने लिया यज्ञोपवीत





रविवार, 20 अगस्त 2017,आर्य समाज, नया आर्य नगर, गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह शानदार सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। चित्र में सार्वदेशिक सभा के कोषाध्यक्ष श्री मायाप्रकाश त्यागी का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,आचार्य महेन्द्र भाई,प्रान्तीय महामंत्री श्री प्रवीन आर्य, जिला मंत्री श्री सुरेश आर्य व प्रधान शिक्षक श्री सौरभ गुप्ता। डा. आर. के. आर्य, श्री ओमप्रकाश आर्य,श्री मुकेश सोंलकी, श्री अरूण आर्य,श्री प्रदीप आर्य,श्री शिवम मिश्रा, गौरव, प्रगति, गरिमा, प्राची, नेहा आदि भी उपस्थित थे।


# सोनीपत के सरस्वती सी.सै. स्कूल में 500 बच्चों ने लिया यज्ञोपवीत






सोमवार, 21 अगस्त 2017,सरस्वती सीनियर सैकेन्डरी स्कूल,मुरथल रोड़,सोनीपत में युवा संस्कार समारोह भव्यता से सम्पन्न हुआ । 500 से अधिक बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया । चित्र में–चेयरमैन श्री सत्यप्रिय शास्त्री,प्रान्तीय प्रभारी श्री मनोहरलाल चावला,डा.अनिल आर्य,संयोजक श्री हरिचन्द स्नेही। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। द्वितीय चित्र में उत्साही बच्चे।

# मुखर्जी नगर दिल्ली में तीन युवा संस्कार कार्यक्रम भव्यता से सम्पन्न

आर्य समाज, मुखर्जी नगर, दिल्ली के सौजन्य से एन ब्लाक व सेवा भारती केन्द्र में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुए। आचार्य महेन्द्र भाई व श्री विकास शास्त्री ने यज्ञ करवाया। चित्र में गायक सरदार हरभजनसिंह देयोल का अभिनन्दन करते प्रधान श्री ओम सपरा,डा.अनिल आर्य, श्री धर्मपाल आर्य, आचार्य महेन्द्र भाई, श्री अनिल हाण्डा व श्री रामकुमार सिंह आर्य। द्वितीय चित्र सेवा भारती केन्द्र में श्री ओम सपरा, संयोजक श्री प्रेमप्रकाश गोगिया,श्री गोपाल आर्य, श्री सुभाष राज पाल आदि।

# फरीदाबाद में युवा संस्कार के 7 कार्यक्रमों में हजारों बच्चों ने लिया यज्ञोपवीत




फरीदाबाद के श्री राम स्कूल व श्रद्धा मन्दिर स्कूल में युवा संस्कार सम्पन्न हुए। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व आचार्य राजेश शास्त्री के मधुर भजन हुए। आर्य केन्द्रीय सभा फरीदाबाद के प्रधान डा.गजराजसिंह आर्य,जिला अध्यक्ष श्री जितेन्द्रसिंह आर्य,महामंत्री श्री वीरेन्द्र योगाचार्य के पुरूषार्थ से सभी कार्यक्रम सोल्लास सम्पन्न हुए।

# ग्राम टीला गाजियाबाद व जयपुर में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




गाजियाबाद के ग्राम टीला में आयोजित युवा संस्कार समारोह में प्रधान श्री कृष्णपाल आर्य का स्वागत करते श्री अजय पथिक, आचार्य महेन्द्र भाई, श्री सौरभ गुप्ता,श्री यश आर्य शाखाध्यक्ष आदि। द्वितीय चित्र–जयपुर में आयोजित युवा संस्कार कार्यक्रम के संयोजक श्री यशपाल यश प्रचार पत्रक के साथ।

# यमुना नगर बुढ़िया में युवा संस्कार व अशोक आर्य पंचकुला का स्वागत




आर्य समाज, बुढ़िया,यमुना नगर, हरियाणा में श्री राकेश ग्रोवर के संयोजन में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । द्वितीय चित्र–श्री अशोक आर्य(पंचकुला) का परिवार धर्मपत्नि ,अंकुर, अंकुश सहित आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली में पधारने पर स्वागत करते डा.अनिल आर्य,आचार्य महेन्द्र भाई।

## दानी महानुभावों से अपील

यदि आप केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों से सन्तुष्ट हैं तो हमें सहयोग करें,कृपया अपना सहयोग परिषद् के खाता सं. 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई.एफ.एस.कोड-SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868002130 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके। अग्रिम धन्यवाद सहित

— डा. अनिल आर्य, मो.09810117464

# बाल्मिकी मन्दिर मंगोल पुरी,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





आर्य समाज, मंगोल पुरी,दिल्ली के सौजन्य से बाल्मिकी मन्दिर,मंगोलपुरी,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्या अमृत आर्या ने यज्ञ करवाया। चित्र में प्रधान श्री रामकुमार भगत का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,श्री धर्मपाल आर्य,श्री महेन्द्र टांक,सुरेन्द्र शास्त्री,विवेक अग्निहोत्री। आचार्य योगेन्द्र शास्त्री के मधुर भजन हुए। समाज के प्रधान श्री जगदीशशरण आर्य ने धन्यवाद किया।


# जहांगीर पुरी दिल्ली में युवा संस्कार समारोह में 101 बच्चों ने लिया यज्ञोपवीत






शनिवार, 19 अगस्त 2017,मूर्ति देवी आर्या पब्लिक स्कूल,के ब्लाक,जहांगीर पुरी,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। आचार्य सतीश शास्त्री ने यज्ञ करवाया। चित्र में—संयोजक श्री गजेन्द्र आर्य व मन्जु आर्या को सम्मानित करते डा.अनिल आर्य व आचार्य सतीश शास्त्री। द्वितीय चित्र में उत्साही छात्र।

# टीनू पब्लिक स्कूल,संगम विहार,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





टीनू पब्लिक स्कूल,संगम विहार,नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। डा.अनिल आर्य का प्रेरक उद्बोधन हुआ। प्रधान श्री रामफल खर्ब,श्री देवदत आर्य,श्री के.एल.राणा,श्री अनिल हाण्डा,श्री माधव सिंह,श्री अनुज आर्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अलीगढ़ अतरौली के युवा संस्कार समारोह में सैंकड़ो ग्रामीणों ने यज्ञोपवीत लिया






आर्य समाज सेवा संस्थान,ग्राम बहरावद,अतरौली,अलीगढ़ में श्री कमलसिंह आर्य,श्री नरोतम आर्य,श्री रूपेन्द्र आर्य,श्री लोकेश आर्य,श्री उदयवीर आर्य,श्री यज्ञवीर चौहान,विशाल,प्रमोद के संयोजन में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। दिल्ली से श्री रामकुमार सिंह आर्य,श्री शिशुपाल आर्य,श्री सन्तोष शास्त्री,श्री ईश्वरसिंह आर्य आदि सम्मलित हुए। सैंकड़ो लोगों ने यज्ञ,भजन के कार्यक्रम का लाभ उठाया।

## आत्म शुद्धि आश्रम, बहादुरगढ़ चलो

आत्म शुद्धि आश्रम,बहादुरगढ़ की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में स्वामी धर्ममुनि जी के सान्निध्य में शुक्रवार 1 सितम्बर से सोमवार 2 अक्तूबर 2017 तक स्वामी चितेश्वरानन्द जी के ब्रह्मत्व में योग साधना व चतुर्वेद ब्रह्मपारायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, 51 कुण्डीय यज्ञ की पूर्णाहूति व भव्य समापन समारोह सोमवार 2 अक्तूबर को प्रातः 7 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा,तत्पश्चात ऋषि लंगर की सुन्दर व्यवस्था रहेगी। सभी आर्य जन भारी संख्या में पंहुचे।

## शोक समाचारः विनम्र श्रद्धांजलि

1. श्री कृष्णदेव आर्य (आर्य समाज, सरस्वती विहार) का निधन।
2. श्रीमती विद्यावती चोपड़ा (माता श्री राकेश चोपड़ा) का निधन।
3. श्रीमती राजकुमारी आर्या (आगरा) का निधन।
4. श्रीमती गणेशीदेवी (माता श्री लल्लनराय, सार्वदेशिक सभा) का निधन।
5. मास्टर यशपाल (पिता श्री हरिसिंह आर्य व्यायामाचार्य) का निधन।
6. श्री जगदीश सूर्यवंशी (महाराष्ट्र) का निधन।
7. श्री भगवानदास मनचंदा (आर्य समाज, अशोक नगर) का निधन।

# महापौर प्रीति अग्रवाल का अभिनन्दन व आचार्य योगेन्द्र शास्त्री सम्मानित




उतरी दिल्ली नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती प्रीति अग्रवाल का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,पार्षद श्रीमती गुड्डीदेवी जाटव व श्री डी.एल.नांरग। द्वितीय चित्र–रविवार, 27 अगस्त 2017,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की आवश्यक बैठक आर्य समाज,कबीर बस्ती,दिल्ली में सम्पन्न हुई । चित्र में–वैदिक विद्वान आचार्य योगेन्द्र शास्त्री का अभिनन्दन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य,महामंत्री श्री महेन्द्र भाई,श्री रामकुमारसिंह आर्य,श्री विश्वनाथ आर्य,श्री प्रवीन आर्य,श्री शिशुपाल आर्य,श्री यशोवीर आर्य।

# सुलतान पुरी व डोरीवालान,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





शुकवार, 18 अगस्त 2017, एन.डी.पी.एल. आफिस सुलतानपुरी,दिल्ली में श्रीमती राधा व श्री दशरथ भारद्वाज के कुशल संयोजन में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने यज्ञ करवाया। श्रीमती विम्मी अरोड़ा के मधुर भजन हुए। डा.अनिल आर्य,श्री धर्मपाल आर्य,श्री वरूण आर्य,श्री साहिल आर्य ने अपनी शुभकामनाये प्रदान की।

# आर्य समाज,प्रशान्त विहार व मयूर विहार,फेज–1,दिल्ली का वेद प्रचार सम्पन्न




रविवार, 27 अगस्त 2017,आर्य समाज, प्रशान्त विहार,दिल्ली का वेद प्रचार सप्ताह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य अखिलेश्वर जी की वेद कथा हुई व प.दिनेश दत आर्य के मधुर भजन हुए। चित्र में–श्री अरविन्द शर्मा का स्वागत करजे डा.अनिल आर्य,पार्षद श्री आलोक शर्मा,श्री सोहनलाल मुखी(मंत्री),प्रधान श्री कृष्णचंद पाहुजा,एडवोकेट आदि। द्वितीय चित्र–पूर्वी दिल्ली की प्रमुख समाज–आर्य समाज,मयूर विहार,फेज–1,दिल्ली का वेद प्रचार सम्पन्न हुआ। डा.जयेन्द्र आचार्य की वेद कथा सम्पन्न हुई। चित्र में–नवनिर्वाचित प्रधान श्री ओमप्रकाश शास्त्री का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,मंत्री श्री वीरेन्द्र महाजन,श्री अमीरचंद रखेजा आदि।

# आर्य समाज,देव नगर,(आनन्द पर्वत) में 101 बच्चों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार




रविवार, 20 अगस्त 2017, आर्य समाज,देव नगर,मध्य दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री ने यज्ञ करवाया। डा.अनिल आर्य,आचार्य महेन्द्र भाई,श्री गोपाल जैन के उदबोधन हुए। श्री राकेश आर्य ने कुशल संचालन किया। चित्र में–प्रधान श्री सुशील बाली(एडवोकेट) का अभिनन्दन करते डा.अनिल आर्य,श्री देवेन्द्र भगत,श्री गोपाल जैन,श्री धर्मपाल आर्य,श्री प्रदीप गोगिया,श्री आदर्श आहूजा। द्वितीय चित्र में यज्ञ करते हुए युवा।

## श्री आनन्दप्रकाश आर्य पुनः प्रधान निर्वाचित

आर्य समाज,हापुड़ के चुनाव में श्री आनन्दप्रकाश आर्य पुनः प्रधान निर्वाचित हुए। उनके साथ श्रीमती माया आर्या, महिला प्रधाना, श्री विजेन्द्र गर्ग–मंत्री, श्रीमती अल्का अग्रवाल–महिला मंत्री, श्री विनेश कुमार गर्ग–कोषाध्यक्ष व श्रीमती अल्का गोयल–महिला कोषाध्यक्ष चुने गये। युवा उद्घोष की हार्दिक बधाई।

## पूर्व उपराष्ट्रपति का वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति श्री हामिद अंसारी का विदाई के अवसर पर दिया गया वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण व निन्दनीय है। 10 वर्ष सता सुख भोगने के बाद उन्हें यह कहना शोभा नहीं देता। इससे उनकी स्वयम् की छवि धूमिल हई है, जिम्मेदार प्रतिष्ठित व्यक्ति को वाणी का संयम रखना आना चाहिये।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970